# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 14.05.2026 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **निर्वाचन आयोग का विशेष गहन पुनरीक्षण –एसआईआर के तीसरे चरण का अभियान होगा शुरू, झारखंड सहित सोलह राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेश होंगे शामिल ।**
2. **झारखंड उच्च न्यायालय ने पुलिस हिरासत, जेल में मौत और रेप की घटनाओं में न्यायिक जांच को किया अनिवार्य।**
3. **झारखंड में अनाधिकृत निर्मित भवन नियमितीकरण नियमावली के प्रावधानों को लागू करने के लिए मंत्री सुदिव्य कुमार ने रांची में किया ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ।**
4. **हजारीबाग कोयला खनन क्षेत्र में संचालित सामुदायिक विकास परियोजना के लिए सीसीएल को मिला ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया प्लेटिनम अवार्ड।**
5. **आईपीएल क्रिकेट में आज पंजाब किंग्स का सामना मुंबई इंडियंस से, शाम साढ़े सात बजे से मैच होगा शुरू।**

****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआइआर चरण–3 के तहत मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। उन्होंने बताया कि 23 मई 2026 को सभी मतदान केंद्रों पर अनमैप्ड मतदाताओं की सूची प्रकाशित की जाएगी, जिसमें संबंधित बीएलओ के नाम और मोबाइल नंबर भी उपलब्ध रहेंगे। राज्य में प्रत्येक पात्र मतदाता का घर–घर जाकर सत्यापन किया जाएगा। इस संबंध में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह अपर सचिव सुबोध कुमार ने बताया कि झारखंड में वर्तमान में कुल 2 करोड़ 64 लाख 89 हजार 777 मतदाता हैं तथा एसआइआर कार्य में 29 हजार 571 बीएलओ और 21 हजार 644 बीएलए लगाए गए हैं।

****************

रांची में उपायुक्त–सह–प्रधान जनगणना पदाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत प्रवेक्षकों और प्रगणकों के बीच आधिकारिक किट का वितरण किया। उन्होंने बताया कि हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन और मकानों की सूचीकरण प्रक्रिया 16 मई से 14 जून 2026 तक चलेगी, जिसमें प्रत्येक मकान और परिवार का डिजिटल माध्यम से विवरण संकलित किया जाएगा। उधर जामताड़ा में भी जिला चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की पहल पर पाटोदिया धर्मशाला में पोर्टल के माध्यम से स्वगणना शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव संजय अग्रवाल ने बताया कि चेंबर के सदस्यों के सहयोग से शिविर में आकर लोगों ने सहज ढंग से स्वगणना कार्य संपन्न किया।

****************

झारखंड उच्च न्यायालय ने पुलिस हिरासत, जेल में मौत और रेप की घटनाओं में न्यायिक जांच को अनिवार्य कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि अब ऐसे मामलों की जांच एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के बजाय न्यायिक जांच के माध्यम से होगी। अदालत ने झालसा को एनएचआरसी की गाइडलाइन के अनुसार स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार करने का निर्देश देते हुए वर्ष 2018 से 2025 के बीच हुई हिरासत में मौत के मामलों की रिपोर्ट भी तलब की है। कोर्ट ने कहा कि जिन मामलों में न्यायिक जांच नहीं हुई है, उनमें संबंधित जिला जज कारण बताते हुए उच्च न्यायालय को रिपोर्ट सौंपेंगे।

****************

झारखंड में अनाधिकृत निर्मित भवन नियमितीकरण नियमावली के प्रावधानों को लागू किए जाने के लिए आज रांची में ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ नगर विकास मंत्री सूदिव्य कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि राज्य सरकार और जनता के बीच एक समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से नियमितीकरण ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया गया है।

****************

जमशेदपुर के सीएसआईआर–राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सीएसआईआर–एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी ने संस्थान की उपलब्धियों और भविष्य निर्माण में अनुसंधान की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर सुमन चक्रवर्ती ने "समावेशी विकास के लिए उत्तरदायी नवाचार" विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि तकनीक का विकास स्थानीय जरूरतों और मानव कल्याण को ध्यान में रखकर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वास्तविक तकनीकी प्रगति वही है जो मानव जीवन को बेहतर बनाए और पर्यावरण संरक्षण में सहायक हो।

****************

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश भर में कच्चे तेल, एल.पी.जी. और प्राकृतिक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों को देखते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश भर में घरेलू एल.पी.जी. आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है और किसी भी वितरण केंद्र पर आपूर्ति में कमी की कोई सूचना नहीं मिली है।

****************

सेण्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) को हजारीबाग कोयला खनन क्षेत्र में संचालित सामुदायिक विकास परियोजना के लिए ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सीसीएल की सीएसआर टीम ने यह पुरस्कार प्राप्त किया, जो ग्रामीण विकास, महिला सशक्तीकरण और सतत विकास के क्षेत्र में कंपनी के योगदान की राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता है।

****************

पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद आज रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से बाहर आए। इस मौके पर उन्होंने जमानत मिलने पर न्यायालय का शुक्रिया अदा किया।

वहीं भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने आलमगीर आलम को मिली अंतरिम जमानत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसे "बाइज्जत बरी" नहीं माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से उम्र और स्वास्थ्य के आधार पर कड़ी शर्तों के साथ राहत मिली है, जबकि मामले की सुनवाई और कानूनी प्रक्रिया अभी जारी है।

****************

झारखंड विधानसभा के पूर्व मंत्री और गोमिया के पूर्व विधायक स्वर्गीय माधव लाल सिंह का आज राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बोकारो जिले के गोमिया स्थित साड़म पश्चिमी बोकारो नदी में आयोजित इस अंतिम संस्कार कार्यक्रम में पुलिस बल ने अंतिम सलामी दी।

****************

आईपीएल क्रिकेट में आज पंजाब किंग्स का सामना मुंबई इंडियंस से होगा। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

**********समाप्त***********